प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 98/2020)
तुरंत जारी करने के लिए
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता द्वारा बिहार के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम

नई दिल्ली, 11 दिसंबर 2020: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने अपने क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता के माध्यम से, बिहार के उपभोक्ताओं के लिए 8 दिसंबर, 2020 को ऑनलाइन मोड के माध्यम से एक वर्चूअल उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया।

2. भादूविप्रा का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य उपभोक्ता हितों की रक्षा करना और उपभोक्ता जागरूकता उत्पन्न करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए भादूविप्रा देश के विभिन्न हिस्सों में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित करता है। कोविड –19 महामारी को देखते हुए ऐसे कार्यक्रम ऑनलाइन मोड के माध्यम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, इसमें उपभोक्ता अपने घर, दुकान या कार्यालय से भाग ले सकते हैं।

3. यह कार्यक्रम बिहार एलएसए (विशेष रूप से बिहार के लिए) के उपभोक्ताओं के लिए आयोजित किया गया था। उपभोक्ता पक्षसमर्थक समूह (सीएजी) के प्रतिनिधियों, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधियों, विभिन्न कॉलेजों के छात्रों एवं शिक्षकों और राज्य सरकार के अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

4. कार्यक्रम के दौरान, उपभोक्ताओं को दूरसंचार सेवाओं के विभिन्न पहलुओं यथा टैरिफ, मूल्य संवर्धित सेवाओं (वीएएस), डेटा सेवाओं, अनचाहे वाणिज्यिक संचार (यूसीसी), मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी, शिकायत निवारण प्रणाली, आदि के संबंध में उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। उपभोक्ताओं को भादूविप्रा द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बनाए गए विभिन्न मोबाइल ऐप्स यथा ट्राई माय–स्पीड ऐप, ट्राई माई–कॉल ऐप और डीएनडी 2.0 ऐप के लाभ के बारे में भी बताया गया। और यह भी बताया गया कि कैसे उपभोक्ता इन ऐप और ट्राई एनालिटिक पोर्टल का लाभ उठा सकते हैं। उपभोक्ताओं को विभिन्न कपटपूर्ण गतिविधियों के बारे में भी बताया गया जैसे टॉवर धोखाधड़ी, आईएसडी नंबरों से मिस्ड कॉल और बताया कि इन धोखाधड़ी से कैसे बचे रह सकते हैं।

5. उपभोक्ताओं को प्रसारण एवं केबल टीवी विनियमों के हाल (दिनांक 01.01.2020) के संशोधन और उपभोक्ताओं को इससे मिलने वाले लाभों के बारे में भी बताया गया जैसे 1) कम एनसीएफ के साथ अधिक चैनल, 2) एक से अधिक टीवी वाले घरों में दूसरे और अतिरिक्त टीवी कनेक्शन के लिए 40 प्रतिशत एनसीएफ, 3) बुकों की स्पष्टता, 4) दीर्घकालिक सब्सक्रिप्शन के लाभ आदि। भादूविप्रा ने उपभोक्ताओं के लाभ के लिए 25 जून को चैनल चयन ऐप शुरू किया, जिससे उपभोक्ता अपना सब्सक्रिप्शन देख सकते हैं, चैनल जोड़/हटा सकते हैं और अपनी पसंद को कार्यान्वित कर सकते हैं। भादूविप्रा द्वारा उपभोक्ताओं को उनके लाभ के लिए इस संबंध में तैयार वीडियो (यूटयूब पर भी उपलब्ध) भी दिखाया गया।

6. इस कार्यक्रम में, डॉ. राजेश कुमार, सहायक निदेशक, कृषि विभाग, बिहार सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में किसान और नागरिक केंद्रित विभिन्न पहलों पर एक प्रस्तुति दी गई, इन पहलों में किसानों (आधार के माध्यम से पंजीकृत 1.64 करोड़ किसान) के लिए डीबीटी, किसान कॉल सेंटर आदि शामिल हैं। उन्होंने बीएसएनएल और अन्य टीएसपी से अनुरोध किया कि वे अपने मोबाइल कवरेज में सुधार करें ताकि एसएमएस लाभार्थियों तक पहुंचे और प्रणाली के महत्वपूर्ण भाग (यानी वीपीएन, स्वान) सुगमता से अपना काम कर सकें।

7. इंटरैक्टिव सेशन के दौरान, श्री सौविक कुमार दास, सलाहकार, भादूविपा और उनकी टीम द्वारा प्रतिभागियों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए गए। टीएसपी के प्रतिनिधियों ने भी उपभोक्ताओं के कुछ सवालों के जवाब दिए।

8. किसी भी स्पष्टीकरण के लिए श्री संजीव बंजाल सलाहकार (सीए एंड आईटी), भादूविप्रा से टेलीफोनः 011–23210990 या ईमेल आईडीः advisorit@trai.gov.in द्वारा संपर्क किया जा सकता है।

शैलेन्द्र कुमार मिश्र

(एस. के. मिश्रा)
सचिव (आई/सी), भादूविप्रा